कार्यालयः—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य/गुण एवं प्रशि अनु/गुणवत्ता/61186/2024—25/पार्ट—34 दिनांकः— यथा ई— हस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा
धौलपुर, करौली, जैसलमेर, सिरोही एवं बारां।

विषयः— राज्य के आकांक्षी जिलों में PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण—2027 की तैयारी हेतु मासिक दक्षता आधारित आकलन/परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः— निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर का पत्र क्रमांक : राराशैअप्रप—उदय/प्र—01/असेस. सेल/फा. 7001E/2026—27/110 दिनांक : 23.09.2026

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रानुसार PARAKH राष्ट्रीय सर्वेक्षण—2024 में न्यून उपलब्धि वाली दक्षताओं में 5 प्रतिशत उन्नयन हेतु राज्य के आकांक्षी 5 जिलों में विद्यालय स्तर पर व्यापक प्रयास किये जाने हेतु एक वर्षीय कार्ययोजना तैयार किये जाने एवं वर्तमान में कक्षा 2, 5 एवं 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को माहवार दक्षता कैलेंडर में निर्धारित दक्षताओं का नियमित एवं व्यापक अभ्यास करवाते हुए प्रत्येक माह के अंत में संबंधित दक्षताओं पर विद्यार्थियों का आकलन/परीक्षा आयोजित करवायी जानी है।

अतः इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार में प्रासंगिक पत्र में वर्णित दिशा—निर्देश जारी कर, निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन तथा गूगल फॉर्म (प्रसंगानुसार) संबंधित विद्यालयों से भरवाते हुए आकलन/परीक्षा का सफल एवं प्रभावी आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

(राजेश गोस्वामी)
जिला शिक्षा अधिकारी
गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में। (जरिये—ईमेल)
3. संबंधित सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा। (जरिये—ईमेल)
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये—ईमेल)

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajesh Goswami
Designation : District Education Officer
Date: 2026.09.23 20:02:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24670581
M e-Sign

Scanned with OKEN Scanner

5. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय **माध्यमिक/प्रारम्भिक** शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये–ईमेल)
6. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा पालनार्थ। (जरिये–ईमेल)
7. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

RajKaj Ref No.: 24670581
M e-Sign

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajesh Goswami
Designation : District Education Officer
Date: 2026.09.23 20:02:07 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scanner